**Student's Copy**

Serial No. 3033187

# GENERAL STUDIES-I

*Time : 3 Hours]* *[Full Marks : 300*

## Section - I

## खण्ड – I

**1.** Write short notes on the following :

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

a) Birsa Munda Movement **[7]**

बिरसा मुंडा आंदोलन

b) Indian Councils Act, 1909 **[7]**

भारतीय परिषद अधिनियम, 1909

c) Impact of Western Education in Bihar (1858-1914) **[6]**

बिहार में पश्चिमी शिक्षा का प्रभाव (1858-1914)

d) Jay Prakash Narayan and Quit India Movement **[6]**

जयप्रकाश नारायण और भारत छोड़ो आंदोलन

e) Pala Art of Eastern India **[6]**

पूर्वी भारत की पाल कला

f) Rabindranath Tagore's Contribution to Indian Culture **[6]**

भारतीय संस्कृति में रवीन्द्रनाथ टैगोर का योगदान



3033187

2. a) Analyse the political, economic, and social factors behind the Revolt of 1857, and assess Bihar's contribution to the uprising in a critical manner. **[38]**

1857 के विद्रोह के राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक कारणों का विश्लेषण कीजिए तथा बिहार के योगदान का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

OR/अथवा

b) Analyse the major features of Mauryan art and architecture, and assess how far they expressed the political and cultural values of the period. **[38]**

मौर्य कला और वास्तुकला की प्रमुख विशेषताओं का विश्लेषण करें और आकलन करें कि उन्होंने उस काल के राजनीतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को किस हद तक व्यक्त किया।

3. a) Discuss the transformation of the Indian national movement from early constitutional agitation to mass mobilisation, highlighting Bihar's role at different historical junctures. **[38]**

प्रारम्भिक संवैधानिक आंदोलन से लेकर जन–आंदोलन तक भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के रूपांतरण की चर्चा कीजिए तथा विभिन्न ऐतिहासिक चरणों में बिहार की भूमिका को रेखांकित कीजिए।

OR/अथवा

b) To what extent did Nehru's foreign policy reflect idealism and pragmatism? Examine with reference to its main features. **[38]**

नेहरू की विदेश नीति किस हद तक आदर्शवाद और व्यावहारिकता को प्रतिबिंबित करती थी? इसकी मुख्य विशेषताओं के संदर्भ में परीक्षण करें।

## Section - II

## खण्ड – II

4. Answer the following questions :

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

a) Discuss the World Health Organization (WHO) concerns over gaps in India's Drug Safety Regulations in the pharmaceutical Sector. **[8]**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा भारत के औषधि सुरक्षा नियमों में खामियों को लेकर चिंता व्यक्त करने को संदर्भित करते हुए विस्तृत चर्चा करें।

b) Write a note on the role of *Adi Karmayogi Abhiyan* and Tribal Village Vision 2030 Declaration towards greater decentralisation. **[8]**

आदिकर्मयोगी अभियन और जनजातीयग्राम दृष्टि 2030 की घोषणा के अधिक अधिकार केंद्रित व्यवस्था की ओर योगदान का संक्षेप में उल्लेख करें।

c) The Promotion and Regulation of Online Gaming Bill, 2025, has been passed by the Parliament. How can this law promote e-sports and online social games, while also protecting youth and society from fraud and social evils? **[8]**

ऑनलाइन गेमिंग (Promotion and Regulation of Online Gaming Bill, 2025) पर पारित विधेयक कैसे ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को कैसे बढ़ावा दे सकता है, साथ ही युवा और समाज को धोखाधड़ी और सामाजिक बुराइयों से कैसे सुरक्षित कर सकता है?

d) Write a note on the increasing surge in anti-immigration rhetoric, protests, and policies worldwide from Western democracies to parts of Asia. **[7]**

विश्वभर में प्रवासन–विरोधी नीतियों में बयानबाजी, प्रतिक्रिया, विरोध और प्रदर्शन, विशेषकर पश्चिमी लोकतंत्रों से लेकर एशिया के भागों तक बढ़ती नकारात्मकता का उल्लेख करें।

e) Explain the India-Afghanistan relations and the strategic resetting of ties with the visit of the foreign minister of Afghanistan. **[7]**

भारत–अफगानिस्तान संबंधों और अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की यात्रा के साथ संबंधों के रणनीतिक पुनर्संरचनाओं का विस्तृत वर्णन करें।

5. a) Discuss the India-European Free Trade Association (EFTA) Trade and Economic Partnership Agreement (TEPA), signed on 10 March 2024, which came into effect on 1 October 2025. Also, explain the economic and strategic implications of India-EU relations. **[38]**

**भारत–यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (EFTA) ट्रेड और इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (TEPA), जो 10 मार्च 2024 को हस्ताक्षरित हुआ और 1 अक्टूबर 2025 से प्रभावी हुआ, पर चर्चा करें। साथ ही, भारत–यूरोपियन यूनियन (EU) संबंधों के आर्थिक और रणनीतिक प्रभावों का विश्लेषण करें।**

OR/अथवा

b) The UN Sustainable Development Goals (SDGs), also known as the Global Goals, have been in effect for ten years since their adoption in September 2015. Examine India's progress and challenges in achieving the United Nations' Sustainable Development Goals. **[38]**

**संयुक्त राष्ट्र स्थायी विकास लक्ष्य (SDGs), जिन्हें ग्लोबल गोल्स भी कहा जाता है, सितंबर 2015 में उनके स्वीकृत होने के बाद से पिछले दस वर्षों से प्रभावी है। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में भारत की प्रगति और चुनौतियों का विश्लेषण करें।**

6. a) In recent years, the *Chhath* festival has gained increasing global attention. Discuss the Social, cultural and economic impact of *Chhath* and its linkages with migration. **[38]**

**हाल के वर्षों में छठ पूजा के त्यौहार में वैश्विक ध्यानाकर्षण किया है। छठ के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रभावों तथा प्रवासियों द्वारा इसके प्रसार पर विस्तृत चर्चा करें।**

OR/अथवा

b) Bihar has emerged as the top-performing state in the country in the 'Prime Minister Formalization Micro Food Processing Enterprises Upgradation' (PMFME) Scheme. Analyse the potential PMFME towards contribution in the economic development of the Urban and Rural areas in Bihar. **[38]**

**देश में बिहार 'प्रधानमंत्री फॉरमालाईज़ेशन माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज अपग्रेडेशन' (PMFME) योजना में टॉप परफॉर्मिंग राज्य के रूप में उभरा है। बिहार के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में आर्थिक विकास में योगदान में PMFME की संभावित भूमिका का विश्लेषण करें।**

## Section - III
## खण्ड – III

7. In respect of hospital data given in Table 1, answer the following questions:

| DEPARTMENT ↓ | OUTCOME → GENDER ↓ | Specialized Care | Cured | Improved | Referred |
|---|---|---|---|---|---|
| Cardiology | Female | 4 | 19 | 10 | 4 |
| | Male | 2 | 17 | 8 | 6 |
| General Medicine | Female | 0 | 24 | 10 | 4 |
| | Male | 3 | 26 | 8 | 5 |
| Neurology | Female | 3 | 10 | 5 | 0 |
| | Male | 3 | 9 | 4 | 1 |
| Orthopedic | Female | 1 | 15 | 6 | 1 |
| | Male | 1 | 15 | 7 | 5 |
| Pediatrics | Female | 0 | 16 | 12 | 4 |
| | Male | 1 | 18 | 8 | 5 |

Table 1 : A Hospital Data for July 2025

तालिका 1 में दिए गए अस्पताल के आँकड़ो के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

| विभाग ↓ | निष्कर्ष → लिंग ↓ | विशेष देखभाल | स्वस्थ | सुधार | निर्दिष्ट |
|---|---|---|---|---|---|
| ह्रदय रोग | स्त्री | 4 | 19 | 10 | 4 |
| | पुरूष | 2 | 17 | 8 | 6 |
| सामान्य चिकित्सा | स्त्री | 0 | 24 | 10 | 4 |
| | पुरूष | 3 | 26 | 8 | 5 |
| तंत्रिका विज्ञान | स्त्री | 3 | 10 | 5 | 0 |
| | पुरूष | 3 | 9 | 4 | 1 |
| अस्थि विज्ञान | स्त्री | 1 | 15 | 6 | 1 |
| | पुरूष | 1 | 15 | 7 | 5 |
| बाल चिकित्सा | स्त्री | 0 | 16 | 12 | 4 |
| | पुरूष | 1 | 18 | 8 | 5 |

तालिका 1 : जुलाई 2025 के लिए एक अस्पताल से आँकड़े

a) Which department has highest percentage of female patients? **[8]**

किस विभाग में स्त्री रोगीयों का उच्चतम प्रतिशत है?

b) What is ratio of Neurology patients to Cardiology patients among male patients? **[6]**

पुरूष रोगीयों में तंत्रिका विज्ञान एवं हृदय रोग विभागों में क्या अनुपात है?

c) Which departments have more than one-fourth of the total admissions, respectively in each gender category? **[8]**

प्रत्येक लिंग श्रेणी में, कौन–से विभागों में कुल उपस्थिति, कुल प्रवेश के एक–चौथाई से अधिक है?

d) Which department has highest ratio of *specialized care* to *cured* ratio for male and female combined group? **[6]**

किस विभाग में पुरूष व महिला के संयुक्त समूह के लिए 'विशेष देखभाल' का 'स्वस्थ' वर्ग से अनुपात उच्चतम है?

e) If one more female was admitted to specialized care and cured category each and one less male under cured category in the Cardiology department, then what would be the overall ratios of specialized care to cured under each gender? **[8]**

यदि हृदय रोग विभाग में, 'विशेष देखभाल' व 'स्वस्थ' वर्ग में एक–एक अधिक स्त्री (प्रत्येक में) एवम् 'स्वस्थ' वर्ग में एक कम पुरूष उपस्थित हो तो 'विशेष देखभाल' का 'स्वस्थ' वर्ग से समग्र अनुपात, प्रत्येक लिंग के लिए कितना होगा?

OR/अथवा

In respect of data from Fig. 1 for population aged above 60, answer the questions that follow:

Rural-Urban & Male-Female Distribution






Fig. 1 : Persons aged 60+ by gender and residence in some selected States of a country

**चित्र 1 में दिये गए 60 + आयु के व्यक्तियों के विवरण पर आधारित, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

ग्रामीण–शहरी एवम् पुरूष स्त्री बंटन




चित्र 1 : कुछ चयनित राज्यों में लिंग और निवास के अनुसार 60+ आयु के व्यक्ति

a) For which state, proportion of rural females to its total population is highest? **[8]**

किस राज्य में ग्रामीण महिलाओं का अपनी कुल जनसंख्या के मुकाबले अनुपात सबसे अधिक है?

b) For which states, urban-rural ratio of males aged over 60 is highest? **[6]**

किन राज्यों में 60 वर्ष से अधिक उम्र के पुरूषों का शहरी–ग्रामीण अनुपात सबसे अधिक है?

c) Which state has lowest male to female ratio in urban habitat? **[8]**

किस राज्य में शहरी क्षेत्रों में पुरूषों के मुकाबले महिलाओं की संख्या सबसे कम है?

d) Which gender has smallest percentage presence in urban habitat? **[8]**

शहरी आवास में किस लिंग की उपस्थिति सबसे कम प्रतिशत में है?


e) Which state has highest percentage of rural males? **[6]**

किस राज्य में ग्रामीण पुरूषों का प्रतिशत सबसे अधिक है?


303318730331873033187

**8.** Study Fig. 2 which reflects data from seven states of a country C in the year 2010 and answer the questions that follow:

Total number of NEET qualified candidates = 27300





Total number of JEE qualified candidates = 24700





चित्र 2 का अध्ययन करें जो वर्ष 2010 में देश C के सात राज्यों के आँकड़ो को दर्शाता है और इस के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

नीट योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों की कुल संख्या = 27300




जेईई योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों की कुल संख्या = 24700




30331187

a) How many students qualify for NEET from states M and S? **[8]**

राज्य M एवम् S से कितने छात्र NEET योग्यता प्राप्त है?

b) What is total number of students qualifying for JEE from states N and P? **[6]**

राज्यों N और P से JEE योग्यता प्राप्त छात्रों की कुल संख्या कितनी है?

c) What is total number of NEET and JEE qualified candidates in state R? **[8]**

राज्य R में NEET और JEE योग्यता प्राप्त छात्रों की कुल संयुक्त संख्या कितनी है?

d) What is ratio between number of JEE qualified candidates to NEET qualified candidates from state S? **[8]**

राज्य S से JEE योग्यता प्राप्त एवम् NEET योग्यता प्राप्त छात्रों का अनुपात क्या है?


e) What is ratio between number of students at JEE level from state S to number of students at NEET level from state Q? **[6]**

राज्य S के JEE स्तर पर छात्रों की संख्या और राज्य Q के NEET स्तर पर छात्रों की संख्या का अनुपात क्या है?

OR/अथवा

Study Fig. 3 and Table 2 which reflects data from seven towns of a country C in the year 2010 and answer the questions that follow:


Proportion of married population in seven towns in 2010




| Towns | X | Y | Z | R | S | T | V |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Divorced Population (in%) | 38 | 52 | 42 | 51 | 49 | 46 | 58 |

चित्र 3 और तालिका 2 का अध्ययन करें, जो वर्ष 2010 में देश C के सात नगरों के आँकड़े दर्शाती है और इनके आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

वर्ष 2010 में सात शहरों की विवाहित जनसंख्या का अनुपात




| नगर | X | Y | Z | R | S | T | V |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तलाकशुदा जनसंख्या (%में) | 38 | 52 | 42 | 51 | 49 | 46 | 58 |

a) Find the number of married people in Town S, if divorced Population of Town X is 12160. **[8]**

यदि नगर X में तलाकशुदा जनसंख्या 12160 है, तो नगर S में विवाहित लोगों की संख्या ज्ञात करें।

b) Find the ratio of divorced population in Town T to that of divorced population in Town Z. **[6]**

नगर T में तलाकशुदा जनसंख्या का नगर Z में तलाकशुदा जनसंख्या से अनुपात पता करें।

c) If the number of married in Town R is 32000, then what will be divorced population of Town Y? **[8]**

यदि नगर R में विवाहित लोगों की संख्या 32000 है, तो नगर Y की तलाकशुदा जनसंख्या कितनी होगी?

d) If in the year 2011, married population of towns Y and V increase by 10% each and percentage of divorced population remains unchanged for all the towns, then find divorced population of Town V in the year 2011, given that married population of Town Y in the year 2010 was 30,000. **[8]**

यदि वर्ष 2011 में, नगर Y और V की विवाहित जनसंख्या में प्रत्येक में 10% की वृद्धि होती है, और सभी नगरों के लिए तलाकशुदा जनसंख्या का प्रतिशत अपरिवर्तित रहता है, तो वर्ष 2011 में नगर V की तलाकशुदा जनसंख्या ज्ञात कीजिए, यह मानते हुए कि वर्ष 2010 में नगर Y की विवाहित जनसंख्या 30,000 थी।

e) If in the year 2012, the married population of Town R increases by 10%, while that of Town Z reduces by 5% as compared to that in 2010, and divorced population percentage remains unchanged for all towns, then find the approximate ratio of divorced population of Town R to divorced population of Town Z for year 2012. **[6]**

यदि वर्ष 2012 में, नगर R की विवाहित जनसंख्या 10% बढ़ती है, जबकि नगर Z की विवाहित जनसंख्या 2010 की तुलना में 5% घट जाती है, और सभी नगरों के लिए तलाकशुदा जनसंख्या का प्रतिशत अपरिवर्तित रहता है, तो वर्ष 2012 के लिए नगर R की तलाकशुदा जनसंख्या का नगर Z की तलाकशुदा जनसंख्या से लगभग अनुपात ज्ञात कीजिए।

ⓘⓘⓘⓘ